आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति जानी और राहत–बचाव के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री आज श्रावस्ती पहुंचे और बाढ़ में फंसे हुए ग्यारह लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने वाले पीएसी फ्लड टीम को पुरस्कृत किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की और आस्वस्त किया कि किसी को भी कोई दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ पीड़ितों के खाने–पीने के इंतजाम के साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी निरन्तर परीक्षण कराया जाए। बाढ़ में मरने वाले लोगों के परिजनों से भी मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उन्हें सान्त्वना देने के साथ ही चार–चार लाख रूपये का चेक प्रदान किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में भी बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करने के साथ ही उन्हें राहत सामग्री वितरित किया। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण भी किया।

उधर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिये कि राहत–बचाव कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

पहाड़ों पर हुई घनघोर बारिश और डैम से छोड़े गए लगातार पानी की वजह से शाहजहांपुर की गर्रा नदी और खन्नौत नदी उफान पर है जिससे शाहजहांपुर शहर और उससे सटे हुए इलाकों में जल भराव की स्थिति हो गई है। सड़कों पर कमर से ऊपर पानी चल रहा है ।यातायात बंद कर दिए गए हैं ।थंथरा स्थित इंडियन आयल के डिपो में पानी भर जाने से भारत से नेपाल जाने वाले तेल के कंटेनर रोक दिए गए हैं ,जिस कारण नेपाल में तेल की समस्या खड़ी हो सकती है ।मेडिकल कॉलेज में मरीजों को पानी भर जाने की वजह से अन्यत्र भेजा जा रहा है । शहर के सुभाष नगर, लोदीपुर ,ब्रिज विहार ,बरेली मोड़ ,ककरा, रेती आदि इलाकों में घरों के अंदर कमर से ऊपर पानी भर जाने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है जिला प्रशासन के साथ सेना और सामाजिक संगठन भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए लगे हुए हैं । कौशलेंद्र मिश्र आकाशवाणी समाचार शाहजहांपुर

****

फतेहपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से पिछले चौबीस घंटे में छः लोगों की मौत हो गयी जबकि दो युवती समेत तीन लोग घायल हो गये हैं, जिनको उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के कुरस्तीकला और बरमतपुर गांव में आज खेतों में धान रोपाई के समय आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये। वहीं कल शाम सुल्तानपुर–घोष थाना क्षेत्र के दो लोगों की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी थी। अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि सभी छः पीड़ित परिवारों को दैवीय आपदा राहत कोष से चार–चार लाख रूपये की आर्थिक मदद दिये जाने की कार्यवाई शुरू कर दी गई है।

उधर, वाराणसी के रोहनिया में बस और बाइक की टक्कर में अखरी गांव निवासी बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

****

फरवरी दो हजार छः में रेलवे की ग्रुप–डी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सुभासपा विधायक बेदीराम और निषाद पार्टी के विधायक विपुल दुबे के खिलाफ लखनऊ की विशेष गैंगेस्टर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने आरोपी विधायक बेदीराम, दीनदयाल, शिव बहादुर सिंह, संजय श्रीवास्तव और अवधेश सिंह के दाखिल हाजिरीमाफी के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही, पहले से गैरहाजिर सभी अभियुक्तों के विरूद्ध भी गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। बेदीराम गाजीपुर के जखनिया और विपुल दुबे भदोही के ज्ञानपुर सीट से विधायक हैं।

****

आगरा अग्निवीर भर्ती रैली चौदह जुलाई से शुरू होकर एक अगस्त दो हजार चौबीस तक आगरा कैंट स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। इस रैली में वह उम्मीदवार भाग लेंगे जिन्होंने अप्रैल दो हजार चौबीस में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एन्ट्रेंस एक्जाम पास किया है। इनमें से लगभग पन्द्रह हजार उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। भर्ती रैली में प्रदेश के बारह जिलों आगरा, अलीगढ़, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी और मथुरा जिलों के युवा भाग लेंगे। इसके बाद सोल्जर टेक्निकल, नर्सिंग असिस्टेंट और सिपाही फार्मा पदों के लिये आयोजित रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के सभी जिलों के उम्मीदवार भाग लेंगे। तीन चरणों में आयोजित होने वाली इस रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। उम्मीदवारों को तीस जून दो हजार चौबीस को ही एडमिट कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

****